51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 22.0°c अधिकतम 33.1 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:19, सूर्यास्त : 7:15 | वर्ष : 51/ अंक : 152 | शनिवार, 03 जून 2023 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

थोड़ा सा चुप-चुपकर भी अपने लिए जी लेना चाहिए, क्योंकि ये वो जमाना है, जिसमें कोई आपको ये नहीं कहेगा कि आप थक गए।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मोदी की लोकप्रियता और राहुल गांधी का फ्रस्टेशन साथ-साथ बढ़ रहे हैं : मनोज तिवारी



राहुल गांधी से अधिक मोदी का प्रचार कोई नहीं करता......

# अवैध नर्सिंग होम में दो जुड़वां नवजात की मौत पर हंगामा

**▸ हंगामे के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नर्सिंग होम किया सील ▸ मीरापुर में चल रहे अवैध नर्सिंग होम में डिलीवरी के दौरान हुई थी मौत**

**मीरापुर, 02 जून (बु.)।** कस्बे में चल रहे बिना रजिस्ट्रेशन के एक अवैध प्राईवेट नर्सिंग होम में डिलीवरी के दौरान दो जुड़वाँ नवजात शिशुओं की मौत हो गई। बच्चों की मौत के बाद परिजनों ने नर्सिंग होम संचालक पर गंभीर आरोप लगते हुए हंगामा किया तथा स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल की शिकायत की। शिकायत के घण्टों बाद सीएचसी प्रभारी के नेतृत्व में मौके पर पहुँची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नर्सिंग होम को सील कर दिया।

मीरापुर क्षेत्र में काफी समय से दर्जनों अवैध अस्पताल चल रहे हैं। अस्पताल संचालकों ने दूर-दराज के प्रशिक्षित डॉक्टरों के बोर्ड लगाकर उनके स्थान पर झोलाछाप डॉक्टरों को अस्पतालों में बैठा रखा है, जिस कारण इन अस्पतालों में आये दिन किसी न किसी की मौत हो जाती है। कस्बे में स्टेट बैंक के समीप जकी नर्सिंग होम के नाम से संचालित एक अस्पताल में बीती रात कैथोड़ा निवासी आरिफ ने अपनी पत्नी रूबी को डिलीवरी के लिए भर्ती कराया था। आरोप है कि अस्पताल संचालक ने मेरठ के प्रशिक्षित डॉक्टर से उसकी डिलीवरी कराना तय किया था तथा शुक्रवार की सुबह 8 बजे डिलीवरी होनी थी। आरोप है कि इस दौरान अस्पताल स्टाफ ने बिना किसी प्रशिक्षित चिकित्सक के किसी झोलाछाप डॉक्टर से रूबी की डिलीवरी करा दी, जिस कारण डिलीवरी के दौरान रूबी के पेट में पल रहे दोनों जुड़वाँ नवजात शिशुओं की मौत हो गई। बच्चों की मौत के बाद जब रूबी के परिजनों ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर से मिलने की बात कही तो अस्पताल संचालक मौके से फरार हो गया, जिस पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मृत बच्चों के पिता आरिफ व उसके बड़े भाई आस मोहम्मद का आरोप है कि नर्सिंग होम संचालक ने मेरठ के प्रशिक्षित चिकित्सक से डिलीवरी कराने की बात तय करके झोलाछाप से ऑपरेशन कराकर डिलीवरी करा दी। हंगामा बढ़ते देख कुछ सफेदपोश मामले को निपटाने में जुट गए थे, वहीं परिजनों द्वारा मामले की सूचना सीएमओ को दी गई तो सूचना के घण्टों बाद सीएचसी जानसठ के प्रभारी डॉ. अशोक कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे और अस्पताल पर सील लगा दी तथा नर्सिंग होम के अन्दर भर्ती मरीजों को एम्बुलेंस से जानसठ सीएचसी भिजवा दिया।






फोटो बुलेटिन — अवैध नर्सिंग होम सील करते विभागीय अधिकारी व नवजातों की मौत पर अस्पताल में जांच करने पहुंचे अधिकारी।

## सीएचसी जानसठ पर किया जा रहा है अवैध नर्सिंग होम से लाई गई महिलाओं का इलाज

**जानसठ, 02 जून (बु.)। स्वास्थ्य विभाग ने छोलाछाप चिकित्सकों और फर्जी नर्सिंग होम्स पर कार्यवाही जारी रखते हुए एक और नर्सिंग होम को सील कर दिया। सीएचसी प्रभारी डॉ. अशोक कुमार को सूचना मिली थी कि मीरापुर कस्बे मे जकी नर्सिंग होम मे अवैध रूप से डिलीवरी सिजेरीयन किये जा रहे हैं और इस दौरान वहां पर एक महिला को जुड़वाँ बच्चे पैदा हुए जिनकी कुछ समय बाद मौत हो जाने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को ऑपरेशन की गई चार महिलाए हीना निवासी हासमपुर, गुलिस्ता निवासी संभलहेड़ा, हसीन निवासी तुलहेड़ी व रुबी निवासी कैथोड़ा मीरापुर मिली, जिनको सीएचसी लाने के निर्देश दिए गए। डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि अवैध रूप से नर्सिंग होम्स का संचालन करने की शिकायत मिलने पर विभाग तुरंत आवश्यक कार्यवाही कर रहा है और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सभी चारो महिलाओ को एम्बुलेंस के द्वारा बेहतर इलाज के लिए सीएचसी लाया गया है, जहाँ पर हॉस्पिटल की मुख्य महिला चिकित्सक डॉ. शिखा गुप्ता महिलाओं का इलाज कर रही हैं। डॉ. शिखा गुप्ता ने बताया कि चारों महिलाओं की अप्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा सिजेरीयन डिलीवरी की गई है और एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रैफर किया जा सकता है।**

## शर्मनाक : बाहर से अस्पताल सील अन्दर मरीजों की भरमार

**▸ सील के नाम पर औपचारिकता कर रहे थे सीएचसी प्रभारी**
**▸ एक गेट पर सील लगाकर वापिस लौट रही थी स्वास्थ्य विभाग की टीम**

**मीरापुर, 02 जून (बु.)।** अवैध अस्पताल में दो जुड़वा बच्चों की मौत के बाद भी सीएचसी प्रभारी की मानवता नहीं जागी। घण्टों बाद मौके पर पहुँचे जानसठ सीएचसी प्रभारी ने दिखावे के लिए अस्पताल के एक गेट पर सील लगा दी और दूसरा गेट खुला छोड़ दिया तथा वापस जाने लगे। इसी बीच मौके पर पहुँचे पत्रकार जब दूसरे गेट से अन्दर पहुँचे, तो पूरा नर्सिंग होम संचालित मिला, जिसमें कई ऑपरेशन की गई महिला भर्ती मिली। मीरापुर क्षेत्र में जानसठ सीएचसी प्रभारी डॉ. अशोक कुमार की मिलीभगत से दर्जनों अवैध नर्सिंग होम का संचालन किसी से छिपा नहीं है। इस बात का ताजा प्रमाण आज उस समय देखने को मिला, जब जकी नर्सिंग होम के नाम से संचालित अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की मौत के बाद बार-बार सूचना दिए जाने के बाद भी सीएचसी प्रभारी घण्टो बाद मौके पर पहुँचे। इतना ही नहीं दो बच्चों की मौत के बाद भी सीएचसी प्रभारी की मानवता नहीं जागी और उन्होंने नर्सिंग होम को मात्र दिखावे के लिए सील करने का कार्य करते हुए नर्सिंग होम के मात्र एक गेट पर सील लगाई और वापस चलने लगे, जबकि नर्सिंग होम के अन्दर जाने के तीन गेट और हैं। इतना ही नहीं नर्सिंग होम के अन्दर करीब आधा दर्जन वे महिला मरीज भर्ती थी, जिनकी डिलीवरी दो दिन के अन्दर हुई थी, मरीजों के अन्दर होने की जानकारी सीएचसी प्रभारी को भलीभांति थी, किन्तु इसके बावजूद भी वह औपचारिकता के लिए केवल एक गेट को सील करके वापिस चल दिये थे, किन्तु मौके पर पत्रकार पहुँच गए, जिस पर मौजूद लोगों ने पत्रकारों को नर्सिंग होम के दूसरे गेटों से संचालित होने और अन्दर मरीज भर्ती होने की जानकारी दी, तो मीडियाकर्मी दूसरे गेट से अन्दर पहुँच गए, तो नर्सिंग होम पूरी तरह संचालित मिला, जिस पर सवाल करने पर सीएचसी प्रभारी खिसिया गए और कोई जवाब नहीं दे सकें और मजबूरन उन्हें दूसरे गेटों पर भी सील लगानी पड़ी, जिसके बाद सीएचसी प्रभारी ने यहाँ भर्ती मरीजों को एम्बुलेंस से जानसठ भिजवाया तथा नर्सिंग होम के सभी गेट पर सील लगाई।

## सूनी रह गई माँ की गोद...

**मीरापुर, 02 जून (बु.)। लालच में अंधी हो चुकी इस दुनिया में इंसान कितना गिर चुका है, इसका जीता जागता उदाहरण मीरापुर कि यह दो नवजात शिशुओं की मौत की घटना है। जहाँ अंधी कमाई के लालच में एक नर्सिंग होम संचालक ने एक माँ के जीवन में आने वाली खुशियां छीन ली। कैथोड़ा निवासी रूबी ने अपने दो बच्चों को 9 माह तक अपने गर्भ में पाला, किन्तु इसके बावजूद जकी अस्पताल में तैनात झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से रूबी की गोद सूनी की सूनी रह गई। मृत बच्चों की माँ के चेहरे पर बच्चों की मौत का गम साफ झलक रहा था, किन्तु लालच में अंधे हो चुके नर्सिंग होम संचालक के चेहरे पर भी जरा सा भी अफसोस नजर नहीं आ रहा था।**

## नर्सिंग होम स्टाफ को नही पता डॉक्टरों के नाम

**मीरापुर, 02 जून (बु.)। जकी नर्सिंग होम में जुड़वा नवजात शिशुओं की मौत के बाद जब मीडियाकर्मी मौके पर पहुँचे तथा यहाँ कार्यरत कर्मचारियों से जब डॉक्टर का नाम पूछा गया, तो किसी को भी डॉक्टर का नाम नही पता था कि किस डॉक्टर ने ऑपरेशन किया और कौन डॉक्टर यहाँ मरीज देखता है। कर्मचारियों को केवल इतनी जानकारी थी कि नर्सिंग होम तीन लोगों हारून, फारुख व शाहनवाज का है। इसके अलावा उन्हें कोई जानकारी नही है।**

## नही भरा सील मीमो

**मीरापुर, 02 जून (बु.)। सीएचसी प्रभारी डॉ. अशोक कुमार ने मीडिया के सामने नर्सिंग होम पर सील तो लगा दी, किन्तु इस दौरान उन्होंने कोई सील मीमो नही भरा, जबकि नियमानुसार किसी भी संपति को सील करते समय सील मीमो भरा जाता है।**

# खूंखार कुत्ते के हमले में बालक गम्भीर

**भोपा, 02 जून (बु.)।** खूंखार कुत्ते के हमले में 6 वर्षीय बालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को भोपा अस्पताल से मेरठ के लिए रैफर किया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। आवारा कुत्ते के हमले से गांव में दहशत व्याप्त हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम खेड़ी फिरोजाबाद हसन अली का 6 वर्षीय पुत्र अमीर आलम घर के पास खेल रहा था तभी अचानक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। खूंखार कुत्ते ने कई जगहों से काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। अमीर आलम की हालत को देखकर गांव में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपा लाया गया, जहां उसकी गम्भीर हालत के चलते उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया, जहां से उसे हायर सैन्टर मेरठ के लिए रैफर किया गया है। घटना को लेकर गांव में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों के आतंक से मुक्ति दिलाने को लेकर प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की है।



फोटो बुलेटिन — आवारा कुत्ते के हमले में घायल अमीर आलम भोपा अस्पताल में इलाज कराते हुए

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज शहर में

**▸ दौरे को लेकर प्रशासन और भाजपा दोनों अलर्ट**
**▸ यात्रा मार्ग पर सड़कों को कराया गया दुरुस्त**



**मुजफ्फरनगर, 2 जून (बु.)।** शनिवार (आज) को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन को लेकर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उप मुख्यमंत्री अपने भ्रमण के दौरान एक ओर जहां प्रशासन और लोनिवि के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे, वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन पर चर्चा करेंगे। उनके यात्रा मार्ग पर सड़कों के गड्ढों को भरवाकर उन्हें दुरुस्त कराने में प्रशासन जुटा रहा।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन को लेकर प्रशासन आज भी तैयारियों में जुटा रहा। शासन की ओर से उनके दौरे को लेकर जारी कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर 3 जून को 11:30 पर पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरेगा। वहां से वे गांधीनगर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचकर 11:40 पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उपमुख्यमंत्री 12:40 पर पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर पहुंचकर जिले के अधिकारियों के साथ विकासशील एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद वे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेंद्र सैनी के सुमन विहार स्थित आवास पर पहुंचकर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वर्गीय पिता संघ के पुरोधा जयपाल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। डिप्टी सीएम के जनपद आगमन को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। विकास योजनाओं की समीक्षा के मद्देनजर कार्य पूर्ण किए जा रहे हैं। प्रशासन इस व्यवस्था में जुटा रहा कि उप मुख्यमंत्री जिन सड़कों से गुजरेंगे, वहां गड्ढे



भरवा दिए जाएं। इसके अलावा उनके दौरे के मद्दे नजर शहर में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री के सभी कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। सुमन विहार के बाद मौर्य वापस रवाना हो जाएंगे।

# भीषण रेल हादसे में 50 की मौत, 350 घायल

**▸ ओडीशा के बालासोर जिलेमें आपस में टकराई एक्सप्रेस ट्रेन और मालगाड़ी**

**बालासोर, 2 जून (एजेंसी)।** ओडिशा के बालासोर जिले में बहानागा रेलवे स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस और मालगाड़ी आपस में टकरा गई अधिकारियों का कहना है कि 50 लोगों की मौत, 350 से अधिक घायल हो गए हैं। राहत और बचाव अभियान के लिए टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। दोनों ट्रेनों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी और उसके कई डिब्बे मालगाड़ी पर चढ़ गए। प्रभावित खंड में कई ट्रेनें रद्द कर दी गई जबकि कुछ का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। रेलमंत्री ने मृतकों के परिवारों को दस-दस लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है।

चेन्नई हावड़ा कोरोमंडल एक्सप्रेस ओडिशा के बालासोर में बहानागा स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि ट्रेन का इंजन मालगाड़ी के डिब्बों के ऊपर चढ़ गया है। हादसे के बाद 6 ट्रेनों कैंसल कर दी गई हैं। जबकि कुछ ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है। 5 एंबुलेंस मौके पर भेजी गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के बालासोर जिले में हुई ट्रेन दुर्घटना पर दुख जताया। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और स्थिति का जायजा लिया। हादसे में 50 लोगों की मौत हुई है। 350 से ज्यादा यात्री घायल हैं। ट्रेन की 8 बोगियां पलट गई। इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया। राहत और बचाव का काम जारी है। बालासोर के पास ही दूसरा ट्रेन हादसा भी हुआ। बेंगलुरु हावड़ा सुपरफास्ट की कुछ बोगियां पटरी से उतर गईं। अभी तक इस हादसे में घायलों के बारे में जानकारी नहीं मिली है। कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिरेल होने से घायल हुए यात्रियों को बहानागा के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। बालासोर और आसपास के अन्य जिलों से भी मेडिकल की टीमें मदद के लिए रवाना की गई हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हादसे पर दुख जताया। कहा- मैंने अभी रेल दुर्घटना की स्थिति की समीक्षा की। कल सुबह घटनास्थल का दौरा करूंगा। हादसे को लेकर प्रशासन ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम का नंबर 6782262286 जारी किया है। हादसे के बाद इस रूट की कई ट्रेनें रद्द कर दी गई। कुछ ट्रेनों का रूट बदला गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के बालासोर जिले में हुई ट्रेन दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और स्थिति का जायजा लिया। ओडिशा के मुख्य सचिव ने कहा कि कोरोमंडल एक्सप्रेस रेल दुर्घटना में 132 घायलों को सोरो सीएचसी, गोपालपुर सीएचसी और खांटापाड़ा पीएचसी में स्थानांतरित किया गया। वहीं ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एमडी ने कहा कि 47 घायलों को बालासोर के मेडिकल कॉलेज लाया गया है। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय ने बताया कि बालासोर कलेक्टर को भी सभी जरूरी व्यवस्था करने के लिए मौके पर पहुंचने और राज्य स्तर से किसी भी अतिरिक्त मदद की आवश्यकता होने पर एसआरसी को भी सूचना दे दी गई है।



## सड़क हादसे में मौत

**मुजफ्फरनगर, 2 जून (बु.)।** मेरठ रोड पर बस और कार के बीच हुई भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव सुजड़ू निवासी 55 वर्षीय इदरीश पुत्र बुन्दू पैदल ही अपने काम पर जा रहा था। बताया गया है कि तभी एक बस ने एक कार में टक्कर मार दी। कार व बस के बीच फंसकर इदरीश घायल हो गया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने शव को मुर्दाघर में रखवाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को मामले की सूचना दी और अपनी कार्रवाई शुरू कर दी।

## मरीज के तीमारदारों ने पीटे अस्पतालकर्मी

**मुजफ्फरनगर, 2 जून (बु.)।** जिला अस्पताल में उपचार के लिये लाए गए किशोर को लेकर जमकर हंगामा हुआ। अस्पताल के स्टाफ के साथ तीमारदारों ने मारपीट की। मारपीट करने के बाद आरोपी मरीज को लेकर फरार हो गए। जिला अस्पताल के ईएमओ ने पुलिस को लिखित सूचना देते हुए कार्यवाही की मांग की है। शहर कोतवाली पर दी गई लिखित सूचना में जिला अस्पताल के ईएमओ ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला मल्हुपुरा निवासी 15 वर्षीय आबिद पुत्र सलीम को ब्लीच का सेवन करने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। आरोप है कि पीड़ित के साथ आई भीड़ को जब आपातकालीन कक्ष स बाहर जाने के लिये कहा गया, तो तीमारदारों ने वार्ड ब्वाय निखिल, स्वीपर विनय व गार्ड आकाश व प्रदीप के साथ मारपीट की। आरोपी मरीज को लेकर फरार हो गए। घटना आपातकालीन कक्ष में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कुरुक्षेत्र महापंचायत में 9 जून तक का अल्टीमेटम, बृजभूषण की गिरफ्तारी से कम कुछ मंजूर नहीं

**कुरुक्षेत्र (हरियाणा), 2 जून (एजेंसी)।** पहलवानों को न्याय दिलाने को लेकर कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला महापंचायत के लिए शुक्रवार को विभिन्न खापों के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार को 9 जून तक का अल्टीमेटम दिया है। राकेश टिकैत बोले कि बृजभूषण की गिरफ्तारी से कम कोई समझौता मंजूर नहीं है। पंचायत के बाद कमेटी की बैठक में प्रतिनिधियों के लिए फैसले को सुनाते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि 9 जून तक सरकार के पास समय है। बातचीत कर हल निकाले, अन्यथा अगले दिन खिलाड़ियों के साथ बैठकर आंदोलन शुरू किया जाएगा। फिर से खिलाड़ियों को जंतर मंतर पर बैठाया जाएगा। गांव-गांव में आंदोलन चलाया जाएगा। आरोपी बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी से कम कोई समझौता मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि देशभर में पंचायत की जाएंगी। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि पहलवानों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं और बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी होनी चाहिए। इस पंचायत में विभिन्न खापों के चौधरी जुटे। निर्णय लेने के लिए 7 सदस्यीय कमेटी की 4 घंटे तक बैठक चली। इसमें कहा गया कि 9 जून तक सरकार बातचीत कर हल निकाले, अन्यथा अगले दिन खिलाड़ियों के साथ फिर से जंतर-मंतर पर आंदोलन शुरू होगा।

## मुंडलाना में चार जून को होगी पंचायत

**पानीपत, 2 जून (एजेंसी)। भारतीय किसान यूनियन चढ़ुनी ग्रुप की बैठक जिलाध्यक्ष सुधीर जाखड़ की अध्यक्षता में किसान भवन में हुई। जिसमें यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में महिला पहलवानों की शिकायत पर भाजपा के नेता बृजभूषण पर किसी प्रकार की कार्यवाही ना होने पर रोष जताया और सरकार को आर पार की करने की खुले शब्दों में चुनौती दी। सुधीर जाखड़ ने कहा कि 4 जून को सोनीपत के गांव मुडलाना में यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह पहुंचेंगे। इस बैठक में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। क्रिकेटरों ने किया समर्थन : दूसरी ओर 1983 वर्ल्ड कप विजेता टीम के क्रिकेटरों कपिलदेव और सुनील गावस्कर ने पहलवानों का समर्थन करते हुए कहा की बड़ी मेहनत करके मेडल हासिल किये गए हैं। इसलिए मेडलों को बहाएं नहीं, बल्कि जाँच रिपोर्ट का इंतजार करें।**

## बृजभूषण शरण सिंह की रैली को नहीं दी अनुमति

**अयोध्या।** भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को तगड़ा झटका लगा है। प्रशासन ने पांच जून को उन्हें अयोध्या में रैली करने की अनुमति नहीं दी है। इसके बाद सांसद ने बयान जारी कर रैली रद्द करने की घोषणा की है। सीएम योगी ने आदेश दिया है कि प्रदेश में कोई भी दल जातीय आधारित रैली नहीं करेगा। जाति के नाम पर कोई रैली जनसभा करने की अनुमति न दी जाये। सीएम कार्यालय ने इसके लिए जिलाधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की है।



## उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने किया बिल्ली का ऑपरेशन

**मुजफ्फरनगर, 2 जून (बु.)।** पॉली क्लिनिक मुजफ्फरनगर के प्रभारी निरीक्षक एवं उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय अग्रवाल ने अपने सहायक देवेंद्र मलिक एवं अन्य स्टाफ के साथ मिलकर एक बिल्ली के पैर का सफल ऑपरेशन किया और उसके बाद पैर पर प्लास्टर कर बिल्ली को चला कर दिखाया। मुजफ्फरनगर के पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक में इंसानों की भांति पशुओं का भी एक्स-रे आदि की सुविधा है, और इंसानों की भांति ही डॉक्टर प्रयास करके छोटे पशु और बड़े पशुओं के बीच पैर आदि के सफल ऑपरेशन कर रहे हैं।

# आज शहर में वाहनों का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

**रोडवेज बसों का संचालन भी बाईपास तक ही होगा**

**मुजफ्फरनगर, 2 जून (बु.)।** उपमुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए कल शहर में बाहर से आने वाले लोगों के लिए मुसीबतें रहेंगी। इस दौरान शहर में वाहनों के प्रवेश पर सुबह दस बजे से साढ़े चार बजे तक प्रतिबंध के चलते तमाम रोडवेज और प्राइवेट बसों का शहर में प्रवेश नहीं हो पाएगा। इसके अलावा शहर के चार प्रमुख मार्गों जानसठ रोड, भोपा रोड, सरकुलर रोड और मेरठ रोड पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहने से लोगों को तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में घर से निकलते हुए पूरी व्यवस्था के बारे में जान लीजिए।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन को देखते हुए शनिवार को सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। इसके साथ ही उन मार्गों पर यातायात बाधित होने को लेकर एडवाइजरी पुलिस ने जारी की है। इसके चलते भोपा और जानसठ अड्डे पर कल बसों आदि का आगमन प्रभावित होगा। जानसठ रोड और भोपा रोड की ओर से ही रोडवेज बसें शहर में प्रवेश करती हैं। उनका संचालन भी प्रभावित रहेगा। हालांकि यह प्रतिबंध वीआईपी मूवमेंट के समय में ही रहेंगे। उपमुख्यमंत्री के दौरे के चलते सूजडू चुंगी से मीनाक्षी चौक के बीच वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार भोपा बाईपास से विश्वकर्मा चौक के बीच हल्के व भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। जानसठ बाईपास से टिकैत चौक की ओर भी हल्के व भारी वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा। सूजडू चुंगी से महावीर चौक की ओर भी हल्के भारी वाहनों के संचालन की अनुमति नहीं होगी। एसपी ट्रैफिक ने वीआईपी आगमन की दृष्टि से जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने तथा इसके चलते प्रभावित मार्गों पर ना जाकर वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने के निर्देश दिए हैं। इन आदेशों के चलते जानसठ व भोपा बस स्टैंड के वाहन भी प्रभावित होंगे और उन्हें बाईपास पर ही रोक दिया जाएगा। उप मुख्य मंत्री का काफिला जिस मार्ग से गुजरेगा, उस मार्ग पर कुछ समय के लिए वाहनों को संचालन बंद कराया जाएगा। मुजफ्फरनगर डिपो प्रबंधक राजकुमार तोमर ने बताया कि यातायात विभाग की ओर से भेजे संदेश के अनुसार यातायात प्रतिबंध सुबह दस बजे से साढ़े चार बजे तक जारी रहेंगे। इसके चलते दिल्ली व मेरठ के अलावा बड़ौत, शामली व पानीपत की ओर से रोडवेज बसों का संचालन वहलना चौक तक होगा। जानसठ, बिजनौर, मुरादाबाद व बरेली से आने वाले वाहनों को जानसठ बाईपास से संचालित किया जाएगा। हरिद्वार, रुडकी और देहरादून व सहारनपुर तक आने वाली बसों का संचालन रामपुर तिराहा से होगा। जाहिर है कि इस व्यवस्था से शहर से जाने ओर यहां आने वालों के लिए तमाम समस्याएं खड़ी होंगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार डिप्टी सीएम सुबह साढ़े 11 बजे हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचेंगे। इसके बाद तीन अलग अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। एसएसपी संजीव सुमन ने सुरक्षा बरतने के आदेश देते हुए तीनों कार्यक्रम स्थलों के आसपास व आने जाने वाले मार्गों पर पुलिस की ड्यूटी लगाई हैं।

**रस्म पगड़ी**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य श्री **अनिल कुमार गोयल जी** का स्वर्गवास दिनांक 25-05-2023, दिन- बृहस्पतिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी दिनांक 04-06-2023 दिन-रविवार को निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगी

ब्रह्मभोज .................... दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी .................... दोपहर 2:00 बजे
स्थान : मयूर महल, लिंक रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

प्रतिष्ठान :-
• सुमन इंजीनियरिंग एण्ड कैमिकल्स प्रा.लि.
बेगराजपुर, मुजफ्फरनगर
मो. 9897108988
मो. 9897282876

शोकाकुल :-
सुमन गोयल (धर्मपत्नी)
रोहित गोयल-दीपिका (पुत्र-पुत्रवधू)
रचित गोयल-अनिका (पुत्र-पुत्रवधू)
रोहान, अधिराज (पौत्र)
आरोही, रिधा (पौत्री)

-: निवास स्थान :-
190-साउथ सिविल लाइन, बुलेटिन वाली गली, मुजफ्फरनगर।

